Durga Tutorial

Online Classes

बिहार बोर्ड और CBSE बोर्ड की तैयारी

Free Notes के लिए

www.durgatutorial.com

पर जाएँ।

ज्यादा जानकारी के लिए हमें Social Media पर Follow करें।

https://www.facebook.com/durgatutorial23/?modal=admin_todo_tour

https://twitter.com/DurgaTutorial

https://www.instagram.com/durgatutorial/

https://www.youtube.com/channel/UC5AJcz6Oizfohqj7eZvgeHQ

9973735511

सीबीएसई कक्षा -12 राजनीति विज्ञान

महत्वपूर्ण प्रश्न

पाठ-1

शीत युद्ध का दौर

एक अंकीय प्रश्न:-

निम्न वाक्य सही करके लिखो:

1. अमेरिका ने अपने सहयोगियों के साथ 1955 में वारसा की सन्धि की।

उत्तर: सोवियत संघ ने अपने सहयोगियों के साथ 1955 में वारसा की संधि की।

2. द्वितीय विश्व युद्ध के बाद किन दो महाशक्तियों का उदय हुआ?

उत्तर: अमेरिका और सोवियत संघ

3. तीसरे विश्व के नाम से किन देशों को जाना जाता है?

उत्तर: गुट निरपेक्ष आंदोलन में शामिल देश

4. गुट निरपेक्ष देशों का 15 वां सम्मेलन कहां हुआ?

उत्तर: गुट निरपेक्ष देशों का 15वां सम्मेलन मिस्र में हुआ।

5. उन देशों का नाम लिखों जो पहले वारसा संधि में शामिल थे और अब यूरोपीय संघ के सदस्य है?

उत्तर: हंगरी और पोलैण्ड

6. धुरी देशों में कौन देश शामिल थे?

उत्तर: जर्मनी, इटली व जापान

7. गुटनिरपेक्ष देशों का 15वां सम्मेलन कब व कहां हुआ।

उत्तर: जुलाई 2009, मिस्र के शर्मअल शेख शहर में हुआ।

दो अंकीय प्रश्न:-

Durga Tutorial Since 1996 Baniapur

1. अमेरिका ने कब जापान के दो शहरों पर परमाणु बन गिराये?

उत्तर: अगस्त 1945 हिरोशिमा और नागासाकी।

2. यूरोप के देश किस प्रकार महाशक्तियों से जुड़े?

उत्तर: पश्चिम यूरोप के अधिकांश देश अमेरिका के साथ।
पूर्वी यूरोप के अधिकांश देश सोवियत संघ के साथ।

3. उन तीन नेताओं के नाम बताओं जिनके प्रयासों से गुटनिरपेक्षता का जन्म हुआ?

उत्तर: भारत के जवाहर लाल नेहरू, मिस्र के नासिर व यूगोस्लाविया के ब्राज टीटों।

4. छोटे देश महाशक्तियों के गुट में किस कारण शामिल हुए?

उत्तर: अपनी सुरक्षा व महाशक्तियों के प्रभाव से बचने के लिए।

5. गुट निरपेक्षता से भारत को क्या लाभ हुआ?

उत्तर: इससे अन्तर्राष्ट्रीय निर्णय लेने आसान हुए।

6. निशस्त्रीकरण से आपका क्या अभिप्राय है?

उत्तर: विनाशकारी हथियारों का निर्माण न करना व उन पर नियंत्रण रखना।

7. शीतयुद्ध के दो गुटों के अगुआ देश तथा उनकी विचारधराओं के नाम लिखो।

उत्तर: (1) संयुक्त राज्य अमरीका - *लोकतांत्रिक उदार पूंजीवादी।

(2) सोवियत संघ - साम्यवादी (समाजवादी)

8. शीतयुद्ध से आपका क्या अभिप्राय है?

उत्तर: यह ऐसी अवस्था है जब दो या अधिक देशों के बीच भय, अनिश्चय, असुरक्षा, कूटनीतिक दांवपेंच, वैचारिक घृणा, एक-दूसरे को नीचा दिखाकर अपनी श्रेष्ठता दिखाने का वातावरण हो। इसमें युद्ध की सम्भावना बनी रहती है। इसमें संचार साधनों द्वारा अपनी श्रेष्ठता का प्रचार किया जाता है।

9. शीतयुद्ध के संदर्भ में अपरोध (रोक व संतुलन) से आप क्या समझते हैं?

उत्तर: दोनों महाशक्तियों में एक दूसरे को नुकसान पहुंचाने की क्षमता है कोई भी पक्ष युद्ध का खतरा नहीं उठाना चाहेगा इसी कारण पारस्परिक अपरोध के कारण युद्ध नहीं हुआ।

10. क्या आप मानते है कि गुटनिरपेक्षता की नीति पलायन की नीति नहीं है। सिद्ध करो।

उत्तर: गुट निरपेक्षता का अर्थ अन्तर्राष्ट्रीय मामलों पर महाशक्तियों से अलग रहना तथा सही गलत का निर्णय स्वयं करना था न कि सक्रिय रहकर मतभेद बढ़ाना।

11. द्वितीय विश्वयुद्ध में मित्र देशों के गुट में कौन से देश शामिल थे?

उत्तर: अमेरिका, सोवियत संघ, ब्रिटेन, प्रफांस, चीन, ब्राजील आदि।

12. क्यूबा संकट के समय अमेरिका व सोवियत संघ का नेतृत्व कौन-कौन से नेता कर रहे थे?

उत्तर: जानॅ एफ केनेड़ी, निकिता खुश्चेव।

चार अंकीय प्रश्न:-

1. महाशक्तियां छोटे देशों के साथ सैन्य गठबंधन क्यों रखती थीं?

2. सोवियत संघ के प्रति भारत की विदेश नीति पर टिप्पणी करें?

3. भारत की गुटनिरपेक्षता की नीति की आलोचना क्यों की गई?

4. स्पष्ट करें कि गुटनिरपेक्षता का अर्थ पृथकतावाद नहीं होता?

5. "भारत की विदेश नीति न तो नकारात्मक थी और न ही निश्क्रियता की" प्रस्तुत कथन को स्पष्ट करें?

6. स्पष्ट करें कि क्यूबा मिसाइल संकट शीतयुद्ध का चरम बिंदु था?

छः अंकीय प्रश्न:-

1. प्रक्षेपास्त्रों को कम करने के उद्देश्य से किए गए समझौते व संधियों का वर्णन करे?

2. नव अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक व्यवस्था का वर्णन करें?

3. शीतयुद्ध की उत्पत्ति के प्रमुख कारणों का विस्तारपूर्वक वर्णन करें?

4. गुटनिरपेक्ष सम्मेलनों के इतिहास का वर्णन करें?

5. 'वैश्विक राजनीति में गुटनिरपेक्षता एक सराहनीय प्रयास था विश्व को एकजुट करने के लिए' - स्पष्ट करें।

Durga Tutorial

Online Classes

Thank You For Downloading Notes

ज्यादा जानकारी के लिए हमें Social Media पर Follow करें।

https://www.facebook.com/durgatutorial23/?modal=admin_todo_tour

https://twitter.com/DurgaTutorial

https://www.instagram.com/durgatutorial/

https://www.youtube.com/channel/UC5AJcz6Oizfohqj7eZvgeHQ

9973735511